**दिनांक 19.06.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में गया जी जिलान्तर्गत गया जी सदर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य से प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थितिः-

(i) **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - सदस्य
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | गया जी जिलान्तर्गत गया जी सदर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - | ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग (विद्युत कार्य सहित) | - | ₹12,28,19,279/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-995(नि0) अनु0 दिनांक-11.07.2025) (असैनिक कार्य) एवं (मुख्य विद्युत अभियंता के पत्रांक-732(वि0) अनु0 दिनांक-01.07.2025) (विद्युत कार्य)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 9,66,31,937/- (असैनिक कार्य),<br>₹2,22,56,089/- (विद्युत कार्य)। |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 11,88,88,026/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-024029(भ0) 25-26 दैनिक समाचार पत्र में दिनांक-14.02.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 20.02.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 16.03.2026 / 24.03.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 07.04.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 08.04.2026 |
| 11 | निविदादाता का नाम एवं पता | - | |

(1) मो0 कमालुद्दिन खान, आरिफ नगर गेवल बीघा, गया जी (Reg. No- 1240194, Class-I, BCD)।
(2) मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, सिविल एरोड्रम, गया जी (Reg. No.- 1230070, Class-I , BCD)।

12 तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-

प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-

दिनांक 15.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस निविदा की वैद्यता (120 दिन) समाप्त हो जाने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

D/W/Block.F.P-2/2025-357

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक-11.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से त्रुटि पूर्ण निविदा रहने के कारण इस निविदा को रद्द करते हुए पुनः निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 08.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी द्वारा निविदा मे शामिल कुल दो निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दो निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** मो0 कमालुद्दिन खान, आरिफ नगर गेवल बीघा, गया जी (Reg. No- 1240194, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, सिविल एरोड्रम, गया जी (Reg. No.- 1230070, Class-I , BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि मॉ मंगला कंसट्रक्सन, (प्रो0 सुषमा देवी) को कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल-01, गया जी द्वारा ज्ञापांक-86 एवं 87 दिनांक-27.01.2026 को डिबार किया गया है। उक्त की पुष्टि हेतु निर्गत इस कार्यालय के पत्रांक-1018(एस0) दिनांक-13.04.2026 के आलोक में कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र प्रमंडल संगठन कार्य प्रमंडल-01, गया जी के पत्रांक-447 दिनांक-15.04.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "कार्य एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि समाप्त होने के बावजूद पूर्ण नहीं होने के कारण इस कार्यालय के पत्रांक-86 एवं 87 दिनांक-27.01.2026 द्वारा डिबार किया गया है"। अतः पथ निर्माण विभाग के पत्रांक-533(एस0) दिनांक-23.01.2013 एवं दिनांक-23.11.2021 को भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में तकनीकी बीड में इन्हें **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

इस प्रकार दो निविदाकार में से एक निविदाकार को **"रिसपॉन्सिव"** एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1)मो0 कमालुद्दिन खान, आरिफ नगर गेवल बीघा, गया जी (Reg. No- 1240194, Class-I, BCD) को **सफल** एवं (2) मॉ मंगला कंसट्रक्सन, रेहुआ, सिविल एरोड्रम, गया जी (Reg. No.- 1230070, Class-I , BCD) को **असफल घोषित** करने की अनुशंसा की गयी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

13 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

विषयांकित कार्य गया जी जिलान्तर्गत गया जी सदर प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक-08.05.2026 की बैठक में की गई अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-25.06.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (प्रणव कुमार)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-72/2025....1576 S.... पटना/दिनांक....19/06/26....

**प्रतिलिपिः**- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0 19/06/26

मुख्य अभियंता (द0)।

9

E/W/B00/F/P/2019-154